# यूनिवर्सिटी का फिजियोथैरेपी विभाग होगा सम्मानित

भास्कर संवाददाता | गंगरार

मेवाड़ विश्वविद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग को 13 व 14 अप्रैल को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में प्रथम इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में बेस्ट एमरजिंग फिजियोथैरेपी विभाग का अवार्ड दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग द्वारा इस वर्ष विभिन्न स्थानों पर निशुल्क शिविरों का आयोजन किया गया। यह सम्मान इन्हीं उपलब्धियों के लिए दिया जाएगा। इस कांफ्रेंस का आयोजन द रॉयल डॉक्टर्स चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय बेस्ट एमरजिंग फिजियोथैरेपी अवार्ड से होगा सम्मानित

चित्तौड़गढ़ (प्रात:काल संवाददाता)। मेवाड़ विश्वविद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग को आगामी 13 तथा 14 अप्रैल को जयपुर बिरला ऑडिटोरियम में होने वाली प्रथम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सपोर्ट एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में बेस्ट एमरजिंग फिजियोथैरेपी विभाग के अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। फिजियोथैरेपी चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना दवाई, बिना ऑपरेशन, बिना इंजेक्शन के दर्द तथा लकवा का उपचार किया जाता है। विश्वविद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग द्वारा इस वर्ष विभिन्न स्थानों पर नि:शुल्क शिविरों का आयोजन कर ग्रामीण स्तर से शहरी स्तर के कई मरीजो को इस पद्धति द्वारा उपचार किया गया। विभाग द्वारा विश्विद्यालय में ज्ञानवर्धक कार्यशाला जैसे उपचार पूर्व मरीज के जान बचाने की विधि सी. बी.आर. का आयोजन हुआ। यह सम्मान इन्ही उपलब्धियों के लिए विश्विद्यालय तथा विभाग को इस कॉन्फ्रेंस में दिया जाँएगा इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन द रॉयल डॉक्टर्स चौरिटीबल ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा जिसमे देश विदेश के 800 से अधिक विभिन्न विभाग के चिकित्सक प्रतिभागी होंगे। यह जानकारी फिजियोथैरेपी विभागाध्यक्ष, मेवाड़ विश्विद्यालय डॉ. सन्दीप वैष्णव ने दी।

# फिजियोथैरेपी विभाग, मेवाड़ विश्विद्यालय होगा सम्मानित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

गंगरार. मेवाड़ विश्विद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग को 13 व 14 अप्रेल को जयपुर बिरला ऑडिटोरियम में होने वाली प्रथम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सपोर्ट एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में बेस्ट एमरजिंग फिजियोथैरेपी विभाग के अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

फिजियोथैरेपी चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना दवाई, बिना ऑपरेशन, बिना इंजेक्शन के दर्द तथा लकवा का उपचार किया जाता हैं।

इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन द रॉयल डॉक्टर्स चैरिटीबल ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। जिसमे देश विदेश के 8 00 से अधिक विभिन्न विभाग के चिकित्सक प्रतिभागी होंगे। उक्त जानकारी फिजियोथैरेपी विभागाध्यक्ष मेवाड़ विश्वविद्यालय डॉ. संदीप वैष्णव ने दी।

# फिजियोथैरेपी विभाग का होगा सम्मान

गंगरार। मेवाड़ विश्विद्यालय के फिजियोथैरेपी विभाग को 13 तथा 14 अप्रैल को जयपुर बिरला ऑडिटोरियम में होने वाली प्रथम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया जाएगा। फिजियोथैरेपी चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना दवाई, बिना ऑपरेशन, बिना इंजेक्शन लकवा का उपचार किया जाता है। फिजियोथैरेपी विभागाध्यक्ष डॉ. सन्दीप वैष्णव ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का आयोजन द रॉयल डॉक्टर्स चैरिटीबल ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा।